हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

11 प्रभात फेरी में राधे नाम के संकीर्तन से गूंज उठा शहर



12 एमएलएस डीएवी स्कूल की ओर से 'नो नशा नेशन'...



**खबर संक्षेप**

### सूबेदार मेजर रामकिशन यादव का निधन

**मंडी अटेली।** बिहाली के सुमेर सिंह प्रधान के बड़े भाई सूबेदार मेजर रामकिशन यादव का शनिवार को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बिहाली में गमगीन माहौल में किया गया।



रामकिशन यादव का जन्म 1945 में हुआ था। ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने भारतीय सेना की ईएमई शाखा में भर्ती होकर राष्ट्र सेवा को अपना जीवन समर्पित किया। वे आर्मी में नाइट विज़न इंस्ट्रूमेंट इंस्ट्रक्टर के पद 1992 में सेवानिवृत्ति हुई थी। इसके बाद में सामाजिक कार्यों में लगे हुए थे। वे अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी तथा पोते-पोतियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक आवास बिहाली में आयोजित की जाएगी।

### चेयरमैन के शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे राव

**नारनौल।** मार्केट कमेटी का चेयरमैन बाबूलाल यादव 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण करेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव भाग लेंगी। यह समारोह 13 दिसंबर को प्रातः 10 बजे नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा, जहां मार्केट कमेटी का कार्यालय बना है। यह जानकारी देते हुए नवनियुक्त चेयरमैन बाबूलाल यादव ने सभी समर्थकों एवं शुभचिंतकों से इस समारोह में भाग लेने की अपील की है।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन का सम्मान समारोह 11 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व परंपरानुसार वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से जिन नागरिकों द्वारा 31 दिसम्बर 2025 को 90 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, उन महिला व पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे संगठन कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। प्रधान दुलीचंद शर्मा ने कहा कि ये बुजुर्ग हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। संगठन द्वारा प्रोफार्मा निर्धारित किया गया है, जो संगठन कार्यालय से सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

## छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मनमोहा




### यूरो स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**कनीना।** यूरो स्कूल के वार्षिक उत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भगत सिंह ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि कप्तान अशोक कुमार, डॉ. जसवंत सिंह, प्राचार्य विजयपाल यादव, शिक्षाविद् मन्नीलाल यादव, शिक्षाविद् रामप्रताप सिंह, डॉ. होशियार सिंह, सत्यवीर यादव थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य सुनील यादव ने विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम व स्कूल की उपलब्धियों को सभा पटल पर रखा।

## नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

### कलवाड़ी व कनीना में अवैध शराब बरामद, केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू

**कनीना।** सदर थाना पुलिस टीम ने कलवाड़ी में छापेमारी कर एक व्यक्ति से 13 बोतल अवैध शराब बरामद की है। थाना इंचार्ज सज्जन सिंह ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर निर्माणाधीन व्यायामशाला के पास छापेमारी की। जहां एक व्यक्ति शराब बेच रहा था। उसे काबू कर जमा तलाशी की, तो वहां रखी हुई एक गत्ता पेटी से 13 बोतल अवैध देसी शराब बरामद हुई। आरोपित की पहचान योगेश वासी कलवाड़ी के रूप में हुई है। दूसरी ओर सिटी थाना पुलिस ने रेवाड़ी रोड स्थित नहर के समीप छापेमारी कर एक व्यक्ति से सात बोतल व 23 पव्वा अवैध देसी शराब बरामद की। थाना इंचार्ज निरीक्षक संदीप हुड्डा ने बताया कि टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की है। आरोपित की पहचान बलवंत वासी निहालोठ हाल आबाद किरायेदार वार्ड 10 कनीना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू

### थाना सतनाली की पुलिस टीम ने की छापेमारी, अवैध शराब पकड़ी

**महेंद्रगढ़।** थाना सतनाली की पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान गांव बलाना बस अड्डे के पास से एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए काबू किया। आरोपी की पहचान करतार निवासी गांव खातोदडा के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद गत्ता पेटी से 10 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पाथेड़ा में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव पाथेड़ा में राकेश के घर पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भाग गया, लेकिन घर की तलाशी लेने पर वहां से 10 बोतल देशी शराब और 101 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सात मंजिला भवन के निर्माण में रोड़ा बनी सीवर समस्या का हल करने में जुटा विभाग

**भवन निर्माण वाली जमीन की क्लीयरेंस होने पर जिस कंपनी को मिलेगा टेंडर, वह करेगी बिल्डिंग पूरी**

राजकुमार ▶▶ नारनौल

नारनौल। जिला नागरिक अस्पताल में 200 बैड के अस्पताल का पुनर्निर्माण शुरू करने से पहले पीडब्ल्यूडी एवं स्वास्थ्य विभाग आजकल जमीन की क्लीयरेंस तैयार करने में जुटा हुआ है। जहां अस्पताल भवन निर्माण किया जा रहा है, उस जगह में सीवरेज की समस्या एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिसने पिछले ठेकेदार को भी परेशान किया था। इस समस्या के कारण पांच सालों में यह अस्पताल भवन महज दो ही मंजिल का बन पाया है। इतना ही नहीं, यहां की सीवर समस्या फसाद की मुख्य जड़ भी रही है और यह समस्या पिछली कंपनी के टेंडर को निगल चुकी है। अब नई कंपनी को टेंडर छोड़कर अधूरे भवन का निर्माण पूरा कराने की तैयारी है। वर्ष 2017 में सीएम मनोहरलाल ने नागरिक अस्पताल के 100 बैड को बढ़ाकर 200 बैड का नया अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। दो साल बाद नवंबर 2019 में इसका टेंडर छोड़ा गया। साल 2020 में जींद की गर्ग एंड गर्ग नामक एजेंसी ने काम शुरू किया। तब इस भवन निर्माण का बजट 24.48 करोड़ था। उस वक्त के टेंडर में तय किया गया था कि बेसमेंट के अलावा सात मंजिला भवन बनेगा। इस भवन का कुल कवर एरिया 1.61 लाख स्केयर फिट होगा। भवन में लिफ्ट की भी सुविधा होगी, लेकिन जब इस एजेंसी ने काम शुरू किया, तब उसके बेसमेंट में सीवर की समस्या आ गई, क्योंकि जहां बेसमेंट खोदा गया था, वहां से अस्पताल की सीवर लाइन गुजर रही थी और वह लीकेज हो गई और पूरे बेसमेंट में सीवर का गंदा पानी भर गया। इसकी वजह से अस्पताल भवन निर्माण रूक गया, क्योंकि यह सीवर की गंदगी नई बिल्डिंग के अंदर तक प्रवेश कर गई और कारीगरों का काम करना मुश्किल हो गया। ठेका एजेंसी ने स्वास्थ्य विभाग तथा पीडब्ल्यूडी से जमीन क्लीयर करने की मांग की, इनके बीच विवाद बढ़ता चला गया और मामला हाई कोर्ट से होते हुए ट्रीब्यूनल में तक में चला गया। उस समय मंत्री-संतरी तक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। अब ट्रीब्यूनल में सुनवाई चल रही है।

■ शीघ्रता से कार्य चालू कराने का प्रयास



**यह बोले अधिकारी:** नागरिक अस्पताल भवन के निर्माण में सीवर समस्या से बड़ी विकट स्थिति बनी हुई थी। अब उसे हल कर दिया गया है तथा सीवर निर्माण कार्य चल रहा है। दूसरी ओर अस्पताल के अधूरे भवन का निर्माण पूरा करने के लिए टेंडर आमंत्रित किए हुए हैं, जो ओपन हो चुके हैं। अब अलॉटमेंट होने पर जिस भी कंपनी को कार्य मिलेगा, उससे शीघ्रता से कार्य चालू कराने का प्रयास रहेगा। *-जितेंद्र शर्मा, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी नारनौल।*

### अब 48 लाख रुपये में कराया जा रहा समाधान

अस्पताल भवन निर्माण वाली जगह पर सीवर की समस्या समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलग से करीब 48 लाख रुपये का टेंडर छोड़ा हुआ है, जो नारनौल निवासी मनीष अग्रवाल की ठेका कंपनी को मिला हुआ है। ठेकेदार मनीष अग्रवाल ने आजकल उसी सीवर समस्या के समाधान पर फोकस किया हुआ है तथा सीवर वाली जगह पर नए सिरे से खुदाई करवाकर पुरानी लाइनों को अस्पताल के बाहर मुख्य सड़क मार्ग से गुजर रही सीवर लाइनों से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए न केवल नई एवं बड़ी लाइन दबाई जा रही है, बल्कि नए सीवर चैंबरों का भी निर्माण किया जा रहा है। चैंबर एवं सीवर लाइन डालने में अस्पताल का पुराना पक्का फर्श टूट गया है, यही ठेकेदार उस फर्श को भी तैयार करके देगा। यह कार्य पूरा होने के बाद सात मंजिला भवन का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।



### काम के बदले एजेंसी को 4510.08 लाख दिए गए

दूसरी ओर ठेका एजेंसी द्वारा काम रोक देने पर कुछ समय बाद नोटिस वगैरा जारी करने उपरांत उसका टेंडर रद्द कर दिया गया। जिस एजेंसी का यह टेंडर किया गया, उसने करीब 24 फीसदी काम ही पूरा किया हुआ है। इस काम के बदले उसे 4510.08 लाख दिए गए हैं। अब जब पुराना टेंडर रद्द हो गया है, तब भी पुरानी सीवर वाली समस्या ज्यों की त्यों खड़ी थी। इस कारण निर्माणकर्ता पीडब्ल्यूडी एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस सीवर समस्या को पहले खत्म करना चाहा, ताकि नई टेंडर वाली कंपनी के साथ फिर से पुराना विवाद न खड़ा हो।

### बढ़ाया गया है नए भवन का बजट

निर्माणाधीन 200 बैड के नागरिक अस्पताल के नए भवन का पहले बजट 24.48 करोड़ था, लेकिन इसे बढ़ाकर लगभग 27.73 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यानि अब इसमें करीब 3.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी अधिकारियों द्वारा दी गई अपग्रेडेशन रिपोर्ट के आधार पर की गई है। इस अपग्रेडेशन कार्य की अवधि 365 दिन निर्धारित की गई है, ताकि शीघ्रतम समय में नारनौल एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं इस नए अस्पताल भवन में उपलब्ध हो सकें। इस 200 बैड के अस्पताल भवन में अनेक चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। सात मंजिला बनने वाले इस भवन में मुख्य रूप से आईसीयू, ओटी, एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई, कैजुअल्टी, आईपीडी, एमसीएच, एसएनसीयू, ओपीडी, एनआरसी, बर्न वार्ड एवं अल्ट्रासाउंड भवन शामिल रहेंगे। इस परियोजना से स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को ओर अधिक मजबूती मिल पाएगी।

## नारनौल-रेवाड़ी रोड पर अटेली में अतिक्रमण से फुटपाथ गायब पार्किंग ध्वस्त, अधिकारी चुप



मंडी अटेली। नारनौल-रेवाड़ी रोड पर बना अतिक्रमण। फोटो : हरिभूमि

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी रोड पर नेशनल हाईवे अटेली एवं मुख्य मार्गों के किनारे अनियंत्रित निर्माण, अवैध अतिक्रमण और पार्किंग की अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि सड़कें संकरी, फुटपाथ गायब और वन विभाग तथा पीडब्ल्यूडी की बेशकीमती जमीन निजी उपयोग में बदल चुकी है। भवन मालिकों और संस्थान संचालकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर वाणिज्यिक गतिविधियां की जा रही हैं, जबकि विभागीय अधिकारी आंख मूंदें बैठे हैं। यह लापरवाही न केवल कानून की अवमानना है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है। शहरी क्षेत्र में मुख्य सड़क मार्ग के दोनों ओर पीडब्ल्यूडी की जमीन, फुटपाथ और वन विभाग की भूमि का उद्देश्य सार्वजनिक उपयोग, हरियाली एवं यातायात की सुगमता सुनिश्चित करना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन जमीनों पर अवैध निर्माण, रैंप, पार्किंग, जनरेटर रूम तथा अन्य वाणिज्यिक उपयोग तेजी से बढ़ा है।

### यह है नियम

नियमों के अनुसार किसी भी वाणिज्यिक भवन में अनिवार्य पार्किंग की व्यवस्था होना जरूरी है, ताकि सड़क पर वाहन खड़े न हो, परंतु अधिकतर भवन मालिक इस नियम का पालन नहीं करते। अस्पताल, कोचिंग सेंटर, बैंक, मॉल और कई अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान मुख्य मार्गों पर बने हुए हैं, लेकिन कहीं भी पर्याप्त पार्किंग नहीं मिलती। परिणामस्वरूप वाहन सीधे सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। कई स्थानों पर तो फुटपाथ ही पूरी तरह गायब कर दिए गए हैं। भवन मालिक पांच-पांच फुट ऊंचे रैंप बनाकर सड़क की जमीन को अपने उपयोग में ले चुके हैं।

### नहीं होती प्रशासनिक स्त्र पर कोई ठोस कार्रवाई

वहीं वन विभाग की जिम्मेदारी स्टेट हाईवे के दोनों तरफ हरियाली, पौधारोपण व ग्रीन बेल्ट बनाए रखना है, लेकिन परंतु हकीकत इसके विपरीत है। कई किलोमीटरों तक वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण, अस्थाई-स्थाई निर्माण और व्यवसायिक उपयोग खुलेआम चल रहा है। कहीं ग्रीन बेल्ट नहीं बची, न पौधे न किनारों पर कोई सुरक्षा पट्टी। यह स्थिति भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका को और बढ़ाती है। वहीं रोड सेफ्टी मीटिंग्स का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों को लागू कराना, वाहन चालकों व आम नागरिकों को जागरूक करना, सड़कों को सुरक्षित बनाना और अतिक्रमण को रोकना होना चाहिए, लेकिन मीटिंग्स केवल ब्रेकर बनाने, रेड लाइट लगाने और संकेतक लगाने जैसी औपचारिकताओं तक सीमित हैं। सड़क सुरक्षा से जुड़े सबसे बड़े मुद्दे अतिक्रमण और बिना पार्किंग वाले भवन पर प्रशासनिक स्त्र पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

## सतनाली में विधायक ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल किए वितरित

**महेंद्रगढ़।** सतनाली में रविवार को श्याम सुंदर और रमेश गोयल की अध्यक्षता में जरूरतमंद महिलाओं के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव मुख्यातिथि रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद परिवार को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधि का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना जनसेवा का महत्वपूर्ण अंग है और ऐसे कार्य समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे भी सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं, क्योंकि सामूहिक प्रयासों से ही समाज में वास्तविक बदलाव संभव है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विधायक ने आयोजकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 300 महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ शेखावत, कुंभ सिंह, ओमप्रकाश डागर, पंकज पूर्व पंच, विशाल शर्मा, संतोष, सतपाल, कैलाशचंद, तेजपाल सिंह, विरेंद्र सिंह, पंकज, चंदन आदि मौजूद रहे।



**महेंद्रगढ़।** महिलाओं को कंबल वितरित करते विधायक कंवर सिंह यादव। *फोटो : हरिभूमि*

## भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**नारनौल।** भारत विकास परिषद की ओर से भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का प्रांत स्तरीय आयोजन सरस्वती लॉ कॉलेज पलवल में किया गया। भारत को जानो प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता वरिष्ठ एवं कनिष्ठ दोनों वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें समस्त प्रदेश से दोनों वर्गों में 12-12 टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान संस्था के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव उत्तर क्षेत्र दो व परिषद की नारनौल शाखा के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाखा के लिए बहुत ही गौरव का विषय रहा कि प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में समस्त प्रांत से पधारे विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कड़ी चुनौती देते हुए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ दोनों ही वर्गों में नारनौल के विद्यालयों ने शीर्ष स्थान पर अपना कब्जा जमाया। शाखा अध्यक्ष कविंद्र सचदेवा ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यदुवंशी शिक्षा निकेतन की टीम से ध्रुव पुत्र सुबेसिंह व इशिका मित्तल पुत्री अनिल कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कनिष्ठ वर्ग में आरपीएस स्कूल से रिहान यादव पुत्र अनिल कुमार व भावना यादव पुत्री सुरेश कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया। शाखा के संस्कार गतिविधि संयोजक डॉ. शिवकुमार यादव, सचिव मुकेश जैन व कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि प्रतियोगिता का क्षेत्रीय स्तर का आयोजन 21 दिसंबर को सिरसा में किया जाएगा।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीईटी में जीनियस एकेडमी के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 70 से अधिक अंक




महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** हाल ही में घोषित हरियाणा सीईटी के परिणाम में एक बार फिर से जीनियस एकेडमी के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। सीईटी परीक्षा परिणाम में जीनियस एकेडमी के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की, जिसमें कई विद्यार्थियों ने 70 से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय जीनियस एकेडमी के मार्गदर्शन को दिया। सभी विद्यार्थियों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। एकेडमी डॉयरेक्टर अमित यादव ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके आने वाले सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लगातार परिश्रम करने से सफलता जरूर हासिल होती है। हमें अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए कठोर मेहनत व परिश्रम करना चाहिए। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने भी सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी और कठिन परिश्रम करने का मूलमंत्र दिया। इस अवसर पर सुनील कुमार, दिलेर सिंह, देवेन्द्र, सतीश, दीपक, सोनु, प्रवीण, सुरेन्द्र, राधिका, पूनम सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

**धुंध में सुरक्षित सफर के लिए विशेष अभियान**

# 400 वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर, 605 वाहनों का चालान

**यातायात नियमों की अनदेखी करने पर पुलिस का डंडा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सर्दी के मौसम में घने कोहरे व धुंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के कड़े दिशानिर्देशों पर यातायात पुलिस की ओर से द्वारा जिलेभर में विशेष सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस एक तरफ जहां आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी तरफ नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी कर रही है।



नारनौल। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने सभी नागरिकों से विशेष अपील की

धुंध के समय दृश्यता ; कम होने के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में तत्परता दिखाते हुए 400 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप चिपकाए हैं, ताकि अंधेरे में वाहन दूर से ही दिखाई दे सकें। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में 605 से अधिक वाहनों के चालान काटे हैं।

यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे धुंध के दौरान अपनी गाड़ियों की गति धीमी रखें और फॉग लाइट्स का उपयोग करें। साथ ही सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यह सख्त हिदायत दी गई है कि चालक नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएं, तेज गति से बचें, हेड लाइट्स को लो बीम पर रखें और गलत दिशा या गलत लेन में वाहन चलाकर अपनी व दूसरों की जान जोखिम में न डालें।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style

# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।



हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।

# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आज़ाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुई और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप



नारनौल। गोवंश के लिए सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विवाह की वर्षगांठ पर लगाई गोवंश के लिए सवामणी

**नारनौल।** रोटरी क्लब सिटी की ओर से गोमाता की सेवा के लिए चलाई जा रही सवामणी मुहीम के तहत रोटेरियन रवि चौधरी व सुनीता चौधरी ने विवाह की 25वीं वर्षगांठ पर सवामणी लगाई। सवामणी मुहीम के प्रोजेक्ट इंचार्ज नवीन गुप्ता की देखरेख में गोमाता को हरी सब्जियां खिलाकर सेवा में सहयोग दिया। रोटेरियन रवि चौधरी ने कहा कि गोमाता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म कार्य नहीं है। मौके पर प्रधान राजकुमार चौधरी, प्रवीण संघी, एडवोकेट राजकुमार यादव, नरेश गोगिया, हितेंद्र शर्मा, पवन , विजय जिंदल, रवि चौधरी, नवीन गुप्ता, मधुर गर्ग आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### रामलीला परिषद में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद स्थित सिद्धपीठ बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया। परिषद के पूर्व प्रधान अतुल दीवान ने बताया कि रामलीला परिषद प्रांगण में मासिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में परिषद प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ से मन को असीम शांति की प्राप्ति होती है। श्री राम प्रचार मंडल के सदस्यों के सहयोग से भजनों के संपुट लगाकर चौपाइयों से बाबा को रिझाया गया। पाठ के बाद बाबा को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया गया।

## आरपीएफ चलाएगी 'ट्रैस पासर' अभियान

# पटरियों के रास्ते रेलवे ट्रैक पार किया, तो होगी कार्रवाई

आईजी आरपीएफ रेनू पुष्कर छिब्बर ने आरपीएफ को जागरूकता अभियान शुरू करने के दिए हैं निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

उत्तर मध्य रेलवे जोन में अब रेलवे ट्रैक पार करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार को हुई दिल दहला देने वाली दुर्घटना ने रेलवे प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि कालका मेल की चपेट में आने से छह यात्रियों की जान चली गई थी। इस हादसे के बाद आरपीएफ को पूरे जोन में 'ट्रैस पासर' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि आईजी आरपीएफ रेनू पुष्कर छिब्बर ने पूरे जोन में 'ट्रैस पासर' अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं। अभियान का मतलब है 'ट्रैक पर अनधिकृत घुसपैठ' को रोकना। अब ट्रैक पार करना कोई सामान्य बात नहीं मानी जाएगी। इसे 'अतिक्रमण' या 'अवैध प्रवेश' का दर्जा दिया जाएगा। ट्रेस पारस अभियान सिर्फ जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सख्त कानूनी कार्रवाई भी करेगा। रेलवे ट्रैक पार करते पकड़े जाने पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना या छह महीने की कैद की सजा हो सकती है। चुनार हादसा के बाद एनसीआर ने उठाया यह सख्त कदम उठाया है। हर बड़े रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ाने व जागरुकता का निर्देश दिए गए हैं।




महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे स्टेशनों पर जागरूकता अभियान

एसडीएम कनिका गोयल ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर पोस्टर, अनाउंसमेंट और लोकल भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। स्कूलों, गांवों और बाजारों में जाकर लोगों को समझाया जाएगा कि फुट ओवरब्रिज या अंडरपास का इस्तेमाल क्यों जरूरी है। ट्रेन की स्पीड 100-130 किलोमीटर प्रति घंटा होती है और लोकोपायलट को रुकने में सैकड़ों मीटर लग जाते हैं। ऐसे में ट्रैक पर कोई दिखे तो बचाना नामुमकिन है। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान एक साथ पूरे जोन में चलेगा। निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हमारी कोशिश है कि ऐसी दुर्घटनाएं दोबारा न हों। लोग समझें कि ट्रैक पार करना उनकी जान जोखिम में डालता है।

### जुर्माना और जेल दोनों की सजा का प्रविधान

रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत रेलवे ट्रैक पार करना अपराध है, जिसमें जुर्माना और जेल दोनों की सजा का प्रावधान है। सबसे पहले उन खास स्थानों की पहचान की जाएगी जहां लोग सबसे ज्यादा ट्रैक पार करते हैं। जैसे किसी प्लेटफार्म, स्टेशन के पास, गांवों के किनारे या व्यस्त इलाकों में। इन जगहों पर आरपीएफ नजर रखेगी, सीसीटीवी कैमरों का भी इस्तेमाल होगा। पकड़े गए लोगों को मौके पर ही चालान काटा जाएगा। एक हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा, और अगर कोई बार-बार पकड़ा गया तो कोर्ट के जरिए छह महीने की सजा भी हो सकती है।



नारनौल। प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# प्रभात फेरी में राधे नाम के संकीर्तन से गूंज उठा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

▪ पिछले तीन वर्षों से प्रति रविवार निकाली जा रही प्रभात फेरी

राधे नाम की अलग जगाने वाली संस्था राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 151वीं भव्य प्रभात फेरी का किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ प्रातः महावीर चौक से हुआ। यजमान वीके संघी व रानी संघी ने ठाकुर जी की विधिवत पूजा अर्चना कर इस पावन यात्रा का प्रारंभ किया। प्रभात बेला में जब छोटे छोटे बच्चों के हाथों में विराजमान ठाकुर जी सुशोभित दिखाई दिए। यजमान के निवास स्थान से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी महेंद्रगढ़ रोड, कर्मचारी कॉलोनी, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड रोड होते हुए पुनः महावीर चौक पहुंची। इस दौरान पूरा शहर बरसाना व वृंदावन की आध्यात्मिक छटा से सराबोर नजर आया। सर्दी में भी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था, मानो सभी अपनी आत्मा से ठाकुर जी का स्मरण कर रहे हो। पिछले तीन वर्षों से प्रति रविवार निकाली जा रही यह प्रभात फेरी अब शहर की धार्मिक पहचान बन चुकी है। आज की 151वीं प्रभात फेरी में महिलाओं ने नृत्य कर ठाकुर जी को रिझाया। यजमान को संस्था की ओर से श्रीमद्भगवत गीता भेंट की गई। सनातन धर्म के जयकारों के साथ प्रसाद वितरित किया गया।

# एसपीजी स्कूल की छात्राओं ने फिर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला स्तरीय किड्स खेलकूद प्रतियोगिता में एसपीजी स्कूल डुलाना की छात्राओं ने इस बार फिर से मेडल प्राप्त कर अपना और स्कूल का नाम रोशन किया है।

राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही खेल प्रतियोगिता में अवनी पुत्री अश्वनी ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ पलक पुत्री शक्ति सिंह ने 60 मी. रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या सरिता राव ने कहा कि दोनों ही छात्राओं ने अपने स्कूल गांव व अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का कार्य किया है। सीईओ रोहित राव ने अपनी एसपीजी टीम के साथ घर जाकर उनके माता-पिता को बधाई दी व मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया।




महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# जेजेपी के 8वें स्थापना दिवस पर जींद में ऐतिहासिक रैली

▪ महेंद्रगढ़ से हजारों कार्यकर्ताओं ने दिखाई ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर जींद जिले के जुलाना स्थित पावन धरा पांडू पिंडारा में आयोजित भव्य रैली में महेंद्रगढ़ जिले से लगभग छह हजार कार्यकर्ता जिला प्रभारी राकेश जाखड़ व जिला प्रधान राजकुमार खातोद के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ पहुंचे। जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि पार्टी स्थापना दिवस पर आयोजित यह रैली भीड़ के लिहाज से अपने आप में एक नया रिकॉर्ड बनाकर हरियाणा की अब तक की रैलियों के सारे रिकॉर्ड तोड़ गई। रैली में महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। महिला जिला प्रधान सोनिया धनखड़ के नेतृत्व में हजारों महिलाएं गीत गाती हुई उत्साह के साथ रैली स्थल पर पहुंची। वहीं युवा जिला प्रभारी विष्णु डाबड़, युवा जिला प्रधान, जिला पार्षद सचिन चौधरी के नेतृत्व में आए हजारों युवाओं ने रैली स्थल पर वालंटियर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं को चारों हलकों से भारी संख्या में रैली स्थल तक पहुंचाने में मास्टर हरचंद तोबड़ा, सिकंदर गहली, अशोक सैनी, दिनेश राजपूत, बेदू राता, कंवर सिंह नंबरदार, विजयपाल अधिवक्ता, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, चनसुख तोताहेड़ी, अजय चौधरी अधिवक्ता, महेंद्र खन्ना, राजकुमार जांगड़ा, कुलदीप जांगड़ा, महिला नेत्री शारदा खन्ना, वीरेंद्र घटाशेर का विशेष सहयोग रहा। सभी नेताओं ने महेंद्रगढ़ से पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। रैली स्थल पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और पुराना जोश देखने को मिला। नेताओं ने भी भारी भीड़ देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।



नारनौल। रैली में भाग लेने के लिए रवाना होते जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

# समय-समय पर दांतों की जांच जरूर करवाएं

▪ दंत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में दंत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान एसबीआई बैंक के सामने रेलवे रोड पर स्थित रिवाइव दांतों के अस्पताल की सीनियर डॉ. सारा प्रिया एवं उनकी टीम ने पहुंचकर पीटीएम में आए विद्यालय के सभी बच्चों की दंत स्वास्थ्य जांच करके उन्हें उचित परामर्श भी दिया। रिवाइव दांतों के अस्पताल की सीनियर डॉ. सारा प्रिया ने बताया कि इसके अतिरिक्त हमारे पास डिजिटल एक्स-रे, रूप केनाल इलाज, आर्थोडांटिक इलाज, दंत प्रत्यारोपण आदि की विशेष सुविधाएं हैं। चेयरपर्सन निशा सैनी एवं डॉ. सारा प्रिया की टीम ने बच्चों को दांतों के रखरखाव के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना, रोजाना फ्लास करना, मीठे और अम्लीय खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रूप से करना और समय-समय पर दांतों की जांच करवाने के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, पूनम गोस्वामी उपस्थित रही।

### अग्रवाल वैश्य समाज ने सौभाग्य गुप्ता को विस अध्यक्ष किया नियुक्त

**महेंद्रगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने महेंद्रगढ़ विधानसभा प्रधान के पद पर सौभाग्य कुमार गुप्ता को मनोनीत किया है। इसके साथ ही महेंद्रगढ़ विधानसभा के गठन एवं दायित्व सौंपने के लिए भी अधिकृत किया गया है। नवनियुक्त प्रधान सौभाग्य गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा एवं प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता, प्रदेश सह सचिव मुकेश बंसल का आभार जताया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन की तरफ से उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उनका वे ईमानदारी व निष्ठा से निर्वाह करेंगे। महेंद्रगढ़ विधानसभा के प्रधान मनोनित होने पर अशोक बुचावासिया, विनय केडीवाला, वेदप्रकाश बॉबी, गौरव, प्रमोद गोरा, संजीव जैरपुरिया, मनीष, प्रवीन विमबेदी, प्रवीन तायल, दिनेश गोयल, गोपाल मेहता, चन्द्रकांत,



सौभाग्य गुप्ता।

### यदुवंशी में सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम



नारनौल। कार्यशाला में भाग लेने आए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** नई शिक्षा नीति के व सीबीएसई के मार्ग दर्शन में यदुवंशी शिक्षा निकेतन में एक दिवसीय उन्नत जीवन कौशल पर प्रभावी प्रशिक्षण सीबीएसई की ओर से नियुक्त रिसोर्सपर्सन रेखा यादव व पूनम शर्मा की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यापकों को आज के तनावपूर्ण माहौल से विद्यार्थियों को कैसे बाहर निकला जाए, इस विषय के बारे अवगत कराया। विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार ने दोनों रिसोर्सपर्सन का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव ने दोनों रिसोर्सपर्सन का अभिनन्दन करते हुए बताया कि ऐसे प्रशिक्षण अध्यपकों की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सफल प्रशिक्षण आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# संसद को देखने पर लोकतंत्र की कार्यप्रणाली की आई समझः भारद्वाज

▪ नई तकनीकी सुविधाओं का भी अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सामाजिक कार्यकर्ता विनय भारद्वाज और उनके सहयोगी धर्मेन्द्र भारद्वाज ने हाल ही में नई दिल्ली स्थित संसद भवन का भ्रमण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत के लोकतंत्र की कार्यप्रणाली व उसकी ऐतिहासिक विरासत को नजदीक से समझना था। संसद पहुंचे दोनों समाजसेवकों ने लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को व्यक्तिगत रूप से देखा। उन्होंने इस दौरान संसदीय प्रक्रिया की बारीकियों और महत्वपूर्ण जानकारियों को जाना। भ्रमण में संसद भवन की ऐतिहासिक विरासत, उसकी सुरक्षा व्यवस्था, और उसमें शामिल की गई नई तकनीकी सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। यह अनुभव दोनों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। विनय भारद्वाज ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उनका संदेश था कि संसद को करीब से देखने से ही लोकतंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली और देश के कानून निर्माण की प्रक्रिया को सही मायने में समझा जा सकता है। यह भ्रमण नागरिकों को देश की शासन व्यवस्था के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह घटना दर्शाती है कि आम नागरिकों और समाजसेवकों का संसद से सीधा जुड़ाव होना कितना जरूरी है। मनोरंजक स्थलों के साथ-साथ देश के प्रमुख स्थानों पर भी जाए, ताकि देशप्रेम की भावना ओर मजबूत हो।



महेंद्रगढ़। संसद का भ्रमण करते हुए।

### दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर को सादुलपुर के रास्ते हिसार तक विस्तारित करने की मांग

**सतनाली मंडी।** लगभग हर रोज अत्यधिक विलंब से चल रही गाड़ी संख्या 54309/54310 दिल्लीहिसार पैसेंजर के स्थान पर गाड़ी संख्या 54413/54414 दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर का विस्तार रेवाड़ी से सादुलपुर के रास्ते हिसार तक विस्तार किए जाने की मांग को लेकर सतनाली रेल सेवा समिति के नेतृत्व में महाप्रबंधक के नाम सतनाली स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। सतनाली रेल सेवा समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत ने संयुक्त नेतृत्व में जीएम जयपुर के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि गाड़ी संख्या 54309/54310 दिल्ली-हिसार पैसेंजर वर्तमान में अत्यधिक विलंब से चल रही है तथा अपने गंतव्य तक पहुंचने में लगभग दोगुना समय ले रही है। इसके कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के पश्चात इस पैसेंजर ट्रेन का समय और भी प्रतिकूल हो गया है। जिससे यात्रियों की संख्या में कमी आई है और सेवा का उपयोग घट गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग पर एक समयबद्ध और सुगम ट्रेन की आवश्यकता अनुभव की जा रही है।



सतनाली मंडी। स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

▪ जीवन में हार से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर असफलता को एक नए प्रयास की प्रेरणा बनाना चाहिए : डॉ. आरएन यादव

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में दो दिवसीय प्रतिभा पर्व वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया है, जिसमें कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रशिक्षक अंकित, अशोक, अमित व संयोजक सुशीला यादव, स्मृति शर्मा ने बताया कि विद्यालय में 5 व 6 दिसंबर को दो दिवसीय प्रतिभा पर्व वार्षिक उत्सव प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ. आरएन यादव, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व सीईओ कर्मवीर राव तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह यादव द्वारा की गई। अतिथियों ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई। प्रतियोगिता के वालीबॉल मुकाबले में चंद्रशेखर आजाद हाउस विजेता रहा, वहीं कबड्डी के खेलों में 12वीं कक्षा की टीम विजेता व 10वीं कक्षा की टीम उप विजेता रही। लोंग जंप में अंडर-14 आयुवर्ग में 4.3 फीट के साथ विशाल प्रथम स्थान पर रहा। अंडर-17 आयुवर्ग में 5.1 फीट के साथ पार्थ प्रथम स्थान पर रहा। लड़कों की 100 मी. दौड़ में पार्थ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 100 मी. लड़कियों की दौड़ में दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डा. आरएन यादव ने कहा कि खेल हमें सिखाते हैं कि जीवन में हार से घबराना नहीं चाहिए। मुख्यातिथि डॉ. आरएन यादव ने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### एक लाख की साइबर ठगी का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव रोहडाई निवासी एक व्यक्ति से दो ट्रांजेक्शन के जरिए एक लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव के छाबड़िया भजनावाली ढाणी धर्मदड़ा निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव रोहडाई निवासी तेजबीर ने शिकायत में बताया था कि गत वर्ष मई माह में बैंक खाते से दो बार ट्रांजेक्शन के जरिए साइबर ठगी करके एक लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। उसे 11 अक्टूबर 2024 को बैंक प्रबंधक ने एक लाख रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी दी। यह राशि एक सीआर आयरन वर्क्स फर्म के खाते में ट्रांसफर हुई थी, जिसका स्वामित्व झुंझुनू के गांव मनौता कलां निवासी रितिक कुमार के नाम है।

**सम्मान** मेधावी छात्र छात्राओं को शाल व स्मृति चिन्ह प्रदान किए

# स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में अटेली विकास की राह पर: विकास यादव

गांव गोमली में महिला सम्मान दिवस मनाया और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव गोमली में रविवार को महिला सम्मान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अटेली के पूर्व चेयरमैन विकास यादव अटेली द्वारा की गई। इस मौके पर सतीश कुमार डीएसपी चंदपुरा, रामसिंह सरपंच गोमला, जितेंद्र मास्टर भीलवाड़ा ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन विकास यादव एवं सतीश कुमार डीएसपी ने बताया कि स्वास्थ्य आरती सिंह राव के नेतृत्व में अटेली क्षेत्र की तस्वीर लगातार बदल रही है, जो विकास कार्य वर्षों से लंबित थे, उनकी दोबारा से शुरुवात कर दी गई है, जिनमें से एक प्रमुख कार्य अटेली राजकीय महाविद्यालय में 4.52 करोड़ की लागत से मल्टीपर्पज हॉल के निर्माण हेतु टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जो कि आने वाले समय में क्षेत्र के युवाओं के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे।



मंडी अटेली। गोमली में महिला सम्मान दिवस पर संबोधित करते पूर्व चेयरमैन विकास यादव। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं को शाल वितरित किए

हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयास से अटेली मंडी के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रदान की गई थी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद अटेली मंडी के सरकारी अस्पताल में प्रथम सिजेरियन से डिलीवरी हुई। उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री राव वीरेंद्र सिंह और अपने पिता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के नक्शे कदम पर चलते हुए दिन रात एक करके इलाके के चहुंमुखी विकास के लिए पूर्णत प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश शास्त्री, सरपंच उर्मिला देवी ने महिलाओं को शाल वितरित किए तथा मेधावी छात्र छात्राओं को शाल व स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

## खबर संक्षेप



### नपा के पूर्व प्रधान के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के निधन पर क्षेत्र के गणमान्यजनों ने शोक जताया है। एडवोकेट जेपी यादव ने बताया कि पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा का हाल ही में घटित सड़क हादसे में निधन हो गया था। वे अपने सहयोगी दीपक के साथ कनीना से डूंगरवास गांव में आयोजित शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। रेवाड़ी के बालाजी मार्केट के समीप पहुंचे तो बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में राजेंद्र सिंह लोढ़ा गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वहीं चालक दीपक को भी चोटें आई थी। राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था, जबकि दीपक का उपचार जारी है।

### श्रीश्याम महायज्ञ के लिए किया भूमि पूजन

**नारनौल।** श्रीश्याम महायज्ञ आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 11वें श्रीश्याम महायज्ञ के लिए रविवार को भूमि पूजन एमएएसडी स्कूल प्रांगण में किया गया। आचार्य कपिल शास्त्री ने यजमानों से विधिवत पूजन करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान दौलतराम गर्ग ने की।



### गुरु रविदास महासभा ने किया अंबेडकर को याद

**नारनौल।** गुरु रविदास महासभा की मासिक बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्प अर्पित करके याद किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रधान बाबूलाल नारनौलिया ने की। महासभा के महासचिव अमर सिंह कटारिया ने बाबा साहेब के संदेशों के बारें में विचार रखे। महासभा के तत्वावधान में एक फरवरी को आयोजित की जाने वालीरविदास जन्मोत्सव समारोह के गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सहसचिव सुरेंद्र सिहमा ने बताया कि गुरु रविदास महासभा के नये सदस्य बनने के लिए फॉर्म हेतु संस्था के महासचिव व प्रधान से संपर्क कर सकते है।

# एनएच 152 डी पर रेस्ट एरिया के अलावा अवैध कट पर वाहन खड़ा करते हैं चालक और सर्दी में हादसों की संभावना, स्टेट हाईवे में बने हैं गड्ढे तो लिंक मार्गों पर नहीं है सफेद पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

नेशनल हाईवे 152 डी पर जहां बुचावास से जाट गुवाना टोल प्लाजा तक रेस्ट एरिया के साथ से लगते करीब आधा दर्जनभर अवैध टी स्टॉल व ढाबा संचालित हैं। जहां हाईवे पर भारी वाहन खड़े कर चालक उनकी सेवा लेते हैं। सड़क पर खड़े वाहनों से बीते समय अनेक हादसे घटित हो चुके हैं। इसके बावजूद भी एनएचएआई के अधिकारियों व जिला प्रशासन की नींद नहीं खुली है। ऐसे में सर्दी के मौसम में धुंध व कोहरे में इन प्वाइंट पर हादसे होने की संभावना बनी हुई है। सरकार की ओर से जारी की गई इस एडवाइजरी का किस हद तक पालन हो पाता है, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन स्टेट हाईवे पर बने चौराहे व लिंक मार्गों पर सफेद पट्टी गायब होने से सड़क हादसों में फिलहाल कमी की संभावना नजर नहीं आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक कनीना क्षेत्र में 80 ऐसे प्वाइंट हैं, जहां पर हादसे होने की संभवना बनी रहती है। यहां पर सुधार की अहम जरूरत है। दर्जनभर अतिसंवेदनशील प्वाइंट हैं, जहां 24 घंटे हादसा होने का भय बना रहता है।

## एनएचएआई के अधिकारियों व जिला प्रशासन की नहीं खुल रही नींद

### घटित हो चुके है अनेक हादसे

कनीना में बढ़ती भीड़ के चलते बीडीपीओ व एसडीएम कार्यालय के समीप छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इस स्थान पर पहले स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे। जिन्हें बीते समय हटा दिया गा था। जहां अब हादसों की आशंका बनी हुई है। महेंद्रगढ़, कनीना, कोसली स्टेट हाईवे नंबर 24 पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लंबे समय से लीकेज पड़े साइफन से खंडित सड़क को ठीक न करने से दिन रात दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। यहां पर बीती दो जून को घटित सड़क हादसे में वर्ना कार में सवार चार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ने हादसे के साढ़े चार घंटे बाद शव दो क्रेन व कटर मशीन से वाहन को काटकर निकाला गया था। मृतक युवकों में गौरव 28 वर्ष व सचिन 26 वर्ष वासी शिकोहपुर गुरुग्राम, कंवरपाल उर्फ मोनू 26 वर्ष वासी गुरुग्राम व अंकित 28 वर्ष वासी बीराखेड़ी सहारनपुर यूपी के रहने वाले थे। मृतक चारों युवक महेंद्रगढ़ के निम्बेडा गांव में गौरव की बुआ की लड़की के यहां आयोजित कुआं पूजन समारोह में हिस्सा लेकर वापस लौट रहे थे।



**कनीना।** कनीना में बिना सफेद पट्टी के टूटी सपाट सड़क।

### डिवाइडर के बीच बनाए अवैध कट

कनीना में मंडी रोड पर बने डिवाइडर में भी अवैध कट बने हुए हैं। जहां से खासकर दुपहिया वाहन सरपट इधर उधर दौड़ते हैं। जिससे सड़क हादसों का खतरा बना हुआ है। नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि ऐसे कट बंद कराए जाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

### टूटी सड़क के चलते हादसों की संभावना

कनीना से कोसली मार्ग महेंद्रगढ़ की सीमा में बुरी तरह से टूटा हुआ है, जबकि रेवाड़ी जिले में रोड का नवीनीकरण किया जा चुका है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। सेहलंग, बागोत मार्ग पर दादरी की सीमा तक सड़क सपाट होने के चलते हादसों की संभावना है। इसी प्रकार कनीना अटेली मार्ग पर मोहनपुर मोड़ व कोका चौक के पास सड़क टूटी होने के कारण व कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग से गुढ़ा को लिंक करने वाली सड़क पूर्णरूप से टूटी हुई है। जिससे सड़क हादसों की संभावना बनी हुई है।

## आरोपितों से सीआईए ने बरामद किए 63 हजार रुपये, केस दर्ज

# हॉटस्पॉट डॉमिनेशनः सीआईए की जुए के अड्डे पर रेड, 14 आरोपित गिरफ्तार

**खाली प्लॉट में खिलाया जा रहा था लोगों को जुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

ऑपरेशन पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ की ओर से जिले में अवैध गतिविधियों, नशे व जुए के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए नारनौल व महेंद्रगढ़ को एक बड़ी सफलता मिली है। सीआईए की दोनों टीमों ने अगल-अलग स्थानों के कुल 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास कुल 63 हजार 60 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव मोरूंड में चल रहे एक जुए के अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए मौके से सात लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव मोरूंड में बनवारी नामक व्यक्ति की दुकान के पास खाली पड़े प्लॉट में बाहर से लोगों को बुलाकर बड़े स्तर पर जुआ खिलाया जा रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे सभी आरोपितों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 23860 रुपये की जुआ राशि व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। आरोपितों की पहचान गजराज, अशोक कुमार, बिल्लू, दुलीचंद, सुशील, हरिराम, अड्डा संचालक बनवारी के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपित बनवारी जुआ खेलने वालों के लिए खाने पीने व जगह का इंतजाम करता था। आरोपितों के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।



**महेंद्रगढ़।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### स्मैक व गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अलग अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से गांजा व स्मैक चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना अटेली पुलिस की ओर से की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अटेली मंडी निवासी श्यामलाल नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। जिस पर रेड कर आरोपित श्यामलाल को उसके घर के बाहर से काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपित की जेब से 119.80 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं दूसरी कार्रवाई में थाना सदर पुलिस ने गांव मंडलाना पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक को रोका। जिसकी पहचान नितेश निवासी डोहर कलां के रूप में हुई। जिसकी तलाशी लेने पर 4.18 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा व 1505 रुपये बरामद हुए। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### जुआ रैकेट पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** इसी अभियान के तहत सीआईए टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक होटल में चल रहे जुआ रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से सात आरोपितों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 39200 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जाट रोड स्थित यूनिवर्सिटी के पास बने होटल के कमरा में कुछ युवक भारी रकम लगाकर जुआ खेल रहे हैं।



**नारनौल।** नेताजी सुभाष पार्क में हवन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## स्वस्थ समाज का निर्माण करना उद्देश्य

# एमएलएस डीएवी स्कूल की ओर से 'नो नशा नेशन' अभियान शुरू

- 200 डीएवी विद्यालयों व 16 महाविद्यालयों ने आमजन व प्रशासन के सहयोग से समाज को जागरूक करने का कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

डॉ. पूनम सूरी (पदमश्री अवार्डी) अध्यक्ष डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति के मार्गदर्शन में एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से रविवार को नेताजी सुभाष पार्क में 'नो नशा नेशन' अभियान का शुभारम्भ किया गया। इसका उद्देश्य समाज को नशे के खिलाफ जागरूक कर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। नशे को राष्ट्र से दूर भगाने के लिए डीएवी संस्थान की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर नो नशा नेशन मुहिम की शुरूआत की गई। इस मुहिम का शुभारंभ हरियाणा राज्य से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग 200 डीएवी विद्यालयों व 16 महाविद्यालयों ने अपने–अपने क्षेत्रों में आमजन व प्रशासन के सहयोग से समाज को जागरूक करने का कार्य किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन एमएलएस डीएवी स्कूल की ओर से नेताजी सुभाष पार्क में किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से नेताजी सुभाष पार्क तक नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें 200 विद्यार्थी, अध्यापकगण व शहर के गणमान्यजन शामिल रहे। नेताजी सुभाष पार्क में इस पवित्र कार्यक्रम का शुभारंभ 101 कुंडीय हवन से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने योगा, मार्शल आर्ट, भाषण व कविताओं से लोगों को स्वस्थ व निरोग रहने का संदेश दिया। डीएवी की ओर से आयोजित नो नशा नेशन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव, विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन नगर परिषद कमलेश सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, आदि सदस्य शामिल हुए।

# डॉ. अंबेडकर को किया याद

- कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान राजपाल गोरा ने की
- मंच संचालन जयसिंह नारनौलिया ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

हरियाणा अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्त्वाधान में डॉ अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आदरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले की विभिन्न संस्थाओं एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग एकत्रित होकर सामुहिक रूप से डॉ अंबेडकर को पुष्प अर्पित करके याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान राजपाल गोरा ने की। मंच संचालन जयसिंह नारनौलिया ने किया।

**यह रहे मौजूद:** कार्यक्रम में रामनिवास खींची, ओमप्रकाश दायमा, राजकुमार निम्भल, रामसिंह धाकड़, डॉ महिपाल छिलरो, रोशनी देवी, केला देवी, प्रेम यादव, भानी देवी आदि वक्ताओं ने डॉ अंबेडकर के संदेशों का प्रसार किया। इस अवसर पर संघ के पूर्व प्रधान जयनारायण, विनोद कुमार, होशियार सिंह, मानसिंह नूनीवाल, सुरेश नाहर, मुकेश ढोसीवाल, सिकंदर सिंह, जिले सिंह कालिया, ग्यारसीलाल, चंदन सिंह जालवान, बाबुलाल नारनौलिया, जिले सिंह महारानियां, संदीप गोठवाल, पवन कुमार, रामचंद्र ग्रोवर, रामकिशन धौलेड़ा, साहिल, आदर्श, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, गुरुदयाल नाहर,चौधरी वेदप्रकाश, जयपाल सिंह, सुरेश कुमार, इंद्र सिंह, शिंभूदयाल, नवनीत सरोहा, घनश्याम, एडवोकेट गजानंद दौचानिया, मनोहर लाल इंस्पेक्टर,अमर सिंह, एडवोकेट हिमांशु,डॉ हनुमान, ओमपाल, कृष्ण तोबड़ा, सरजीत नम्बरदार, राजकुमार गोमला, सत्यपाल अहरोदया, बनवारी लाल, सत्यदेव, दलीप सिंह, मनोहर लाल निम्भल, रामस्वरूप सिंह, एडवोकेट भीम सिंह दहिया, कमल सिंह, रामानंद पनवाल, अशोक बौद्ध, सुभाष भारती, राजु दहिया, कॉमरेड सुभाषचंद्र, सूबेदार संतोष, महावीर सांभरिया, डॉ ऋतुपर्ण, राधेश्याम नरवारा, जगराम कालिया, सत्यप्रकाश,चमनलाल, कैलाशगढ़, लाजपत सरोहा, हरफूल सिंह, लेखराम, सुरेंद्र नारनौलिया, राजबीर, जसवंत भाटी, मुरलीधर, महेंद्र सिंह, बलबीर हुडीना, राजेन्द्र प्रसाद, भूप सिंह भारती, बबीता बौद्ध आदि गणमान्यजन मौजूद रहे।



## मोहल्ला महायचान में गुरु रविदास मंदिर में बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि



**महेंद्रगढ़।** मोहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास मंदिर में शनिवार को बौद्धित्सव डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी महिला व पुरुषों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह के दौरान संस्था सर्वश्रेष्ठ महावीर प्रसाद ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान में महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार दिलाकर समाज में समानता की नींव रखी। संस्था सदस्य सतबीर जोनावास ने कहा कि समाज को पाखंडवाद से दूर होकर शिक्षा की ओर अग्रसर होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में गुरु रविदास सेवा समिति प्रधान संदीप महायच ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उपप्रधान मुकेश प्लंबर, सतबीर जोनावास, कंवर सिंह, प्रकाश चंद, जितेंद्र, वेदप्रकाश, अमर सिंह निम्बहेडा, समाजसेविका बाला प्रधान, संतोष देवी, पूजा देवी, विमला देवी, संगीता देवी, चमेली देवी, गिनदो देवी, अंगूरी देवी, किरण देवी, भानुमति, संतोष, कविता, निर्मल और सुषमा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. अंबेडकर को किया नमन

- महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में भारतरत्न, न्यायविद, समाज सुधारक तथा भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन स्थानीय डॉ. आंबेडकर चौक व भवन में किया गया। यह कार्यक्रम समिति के संयोजक पन्नीलाल माजरा खुर्द की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन हरियाणा हजरस के पूर्व प्रधान सुरेशचंद्र सरोहा ने किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के अमर योगदान के कारण ही छह दिसंबर 1956 की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण या मोक्ष दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है।




### श्रद्धांजलि सभा में सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस वंचित समाज के लिए प्रेरणादायक व गौरवपूर्ण दिन है। इस अवसर पर पन्नीलाल माजरा खुर्द, ब्रह्मदत्त, रोशनलाल निम्बल, संतलाल खिंची, प्रेम प्रसाद सरोहा, पन्नीराम रेवाला, सतीश प्रधान जोनावास, बादाम सिंह, संदीप महायच, कैप्टन रामकुमार, सुरेश सैनी प्रधान सैनी सभा, एडवोकेट अभयराम प्रधान यादव सभा, राकेश चोपड़ा, मुकेश चहल, संतोष प्रधान, जगदीश प्रधान, जयसिंह रंगा, रोहित, सुरेंद्र लेक्चरर, राजकुमार, अशोक, चिरंजीलाल सरपंच, बाबूलाल चौहान जोनावास, सहीराम कलोरिया चीफ मैनेजर, बृजलाल, राजकुमार जीआई, जयभगवान, अमरसिंह मैनेजर बेरी, अमरसिंह निम्बेहड़ा, राजेश, विजय सिंह, अनिल कुमार, ब्रह्मानंद प्रधान वाल्मीकि सभा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

# बाबा साहेब सामाजिक मुक्ति की प्रेरणाः सुंदरलाल जोरासिया

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

भारतरत्न बौद्धिस्त्व, नारी के मुक्तिदाता, भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. भीमराव अम्बेडकर चौक पर एसएलजी अमन फाऊंडेशन के चेयरमैन सुन्दर लाल जोरासिया की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया।

जोरासिया ने कहा कि बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस समाज के लिए केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, अधिकार-जागरूता और सामाजिक मुक्ति की प्रेरणा है।

यह दिन याद दिलाता है कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन से ही सम्मान व समान अधिकार प्राप्त किए जा सकते हैं। यह सामाजिक भेदभाव खत्म करने और समतामूलक राष्ट्र की दिशा में लगातार प्रयास का प्रतीक है। इतिहास महिलाओं के लिए बाबा साहेब ने बहुत कानून बनाएं, जिससे उन्हें महिलाओं को पुरुषों के अनुसार समान अधिकार प्राप्त हुए।

इस दिन सामूहिक रूप से सभी परिवार या समाज मिलकर दो तीन मिनट संविधान की प्रस्तावना का वाचन करें, यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है।



**महेंद्रगढ़।** बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते महेंद्रगढ़ के गणमान्य लोग।

## सड़क पर कूड़ा रहने के कारण दुकानदार व राहगीर हो रहे हैं परेशान

# रविवार को शहर में नहीं होती सफाई सड़कों पर पड़ा रहता कूड़ा, मुसीबत

**रामलीला परिषद के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है, कूड़े में बेसहारा गोवंश मुंह मारते रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

शहर में रविवार के दिन सफाई नहीं होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग जाते हैं। कूड़े का उठान नहीं होने से शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल हो जाती है। शहर में अनेक स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे रहते है। शहर के मुख्य चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक जगह-जगह कूड़े के ढेर लग जाते हैं। कैंटीन के पास लगे कूड़े के ढेर से लोग परेशान है। कूड़े में बेसहारा गोवंश मुंह मारते रहे है। रविवार को शहर में सफाई नहीं होने के कारण सोमवार को सुबह कर्मचारी दिनभर मशक्कत करने के बाद भी पूरे कचरे को उठा पाते है।



पीर बाबा के पीछे लगा कूड़े का ढेर।

### टेंडर अलॉट

सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए डोर टू डोर टेंडर एजेंसी को अलॉट किया जा चुका है, जल्द ही एजेंसी इस पर काम शुरू करेंगी। आगामी कुछ दिनों में नगर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने, साफ सफाई और नाली सफाई की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा कुछ कर्मचारियों को रविवार के दिन भी शहर में सफाई करवाई जाएंगी। **-रमेश सैनी**, चेयरमैन नगर पालिका महेंद्रगढ़।

### यहां सबसे अधिक समस्या

शहर के विश्वकर्मा चौक, सिनेमा रोड, मौहल्ला पड़ाव, मोहल्ला जवाहरनगर, मोहल्ला वाल्मीकि, सैनी स्कूल के पास, राम बिहार कॉलोनी के सामने, मोहल्ला निमड़ी नीचे, रामलीला परिषद, मसानी चौक, पीर बाबा के पीछे, महिला आईटीआई के पास रविवार के दिन कूड़े के ढेर लग जाते है।

### रविवार के दिन नहीं होती सफाई

शहर निवासी अंकित, राजेश, सोहन, सुनील, मुकेश, विक्रम, धुलीचंद, मोहन आदि ने कहा कि रविवार को कूड़ा नहीं उठाने के कारण कूड़ा अधिक एकत्रित हो जाता है। नपा प्रशासन रविवार को भी कूड़े का उठान करे। रामलीला परिषद के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है। यहां पर संतोषी माता का मंदिर भी है। इसके अलावा मुख्य चौक-चौराहों पर कूड़े के कारण राहगीरों को काफी परेशानी होती है। रविवार को सफाई कर्मचारी नहीं आने के कारण कूड़े का ढेर लग जाता है। दिनभर लोग कूड़े के ढेरों व बदबू से परेशान रहते हैं। लोग प्रतिदिन कूड़ा डालते है। नपा द्वारा कोई रोकटोक नहीं की जाती। नियमित रूप से कचरे का उठान हो तो शहरवासियों को समस्या से छुटकारा मिलेगा।